NIXI की तीन नई पहलें (Three New Initiatives of NIXI)

sanskritiias.com/hindi/pt-cards/three-new-initiatives-of-nixi

- हाल ही में, **नेशनल इंटरनेट एक्सचेंज ऑफ इंडिया (NIXI) के अध्यक्ष ने तीन नई पहलों की शुरुआत** की है- आई.पी. गुरु, NIXI एकेडमी, NIXI-आई.पी. इंडेक्स। इसके साथ ही, NIXI ने IPv6 (Internet Protocol version 6) को अपनाने तथा इसके संबंध में जागरूकता फैलाने की दिशा में सहयोगी भूमिका निभाने की घोषणा की है।
- **IPv6 विशेषज्ञ समूह (आई.पी. गुरु)**- यह उन सभी भारतीय इकाइयों की मदद करेगा जो IPv6 को अपनाने में कठिनाई महसूस कर रहे हैं। इसके सहयोग से इकाइयाँ अंतिम उपभोक्ताओं को IPv6 के संबंध में आवश्यक तकनीकी समर्थन उपलब्ध कराएँगी। आई.पी. गुरु टेलीकॉम विभाग तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय का संयुक्त उपक्रम है। इसमें सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के सदस्य शामिल होंगे।
- **NIXI एकेडमी**- इसका निर्माण **तकनीकी/गैर-तकनीकी पृष्ठभूमि वाले लोगों को IPv6 जैसी तकनीकों में शिक्षित करने के लिये** किया गया है। ध्यातव्य है कि IPv6 जैसी तकनीकों की शिक्षा शिक्षण संस्थानों में नहीं दी जाती है। इसके माध्यम से इंटरनेट समुदाय विभिन्न तकनीकी मॉड्यूल्स को सीख सकेगा।
- **NIXI-आई.पी. इंडेक्स**- इसका विकास NIXI द्वारा इंटरनेट समुदाय के लिये किया गया है। यह **भारत एवं विश्व में IPv6 को अपनाने की दर को दिखाएगा।** यह पोर्टल विभिन्न संगठनों को IPv6 को अपनाने के लिये प्रेरित करेगा।

IAS / PCS
Online Video Course
सामान्य अध्ययन
+
वैकल्पिक विषय
(इतिहास एवं भूगोल)
Online
Learning
Programme
JOIN NOW
15% Discount for
Next 500 Students

IAS / PCS
Pendrive Course
सामान्य अध्ययन
+
वैकल्पिक विषय
(इतिहास एवं भूगोल)
15% Discount for Next
500 Students